UPPB010039762025

**न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 अधिनियम), जनपद पीलीभीत।**
**परिवाद संख्या 51/2025**
**आशा देवी बनाम बहाल सिंह आदि।**

**<u>दिनांक : 19.06.2026</u>**

पत्रावली प्रस्तुत। पुकार पर परिवादिनी अनुपस्थिति। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि पत्रावली परिवादिनी बयान अंतर्गत धारा 223 बी0एन0एस0एस0 में नियत चल रही है। परिवादिनी विगत 14 तारीखों से न्यायालय में लगातार गैर हाजिर है। परिवादिनी द्वारा आज तक अपना बयान अंतर्गत धारा 223 बी.एन.एस.एस. अंकित नहीं कराया गया है, न्यायालय द्वारा परिवादिनी को बयान अंतर्गत धारा 223 बी0एन0एस0एस0 अंकित कराये जाने हेतु पर्याप्त अवसर दिया जा चुका है। ऐसा प्रतीत होता है कि परिवादिनी प्रस्तुत परिवाद को चलाने में कोई रूचि नहीं रह गयी है।

अतः प्रस्तुत परिवाद, परिवादिनी की अनुपस्थिति में अंतर्गत धारा 226 बी0एन0एस0एस0 निरस्त किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रस्तुत परिवाद, परिवादिनी की अनुपस्थिति में अंतर्गत धारा 226 बी0एन0एस0एस0 में निरस्त किया जाता है।

पत्रावली नियमानुसार अभिलेखागार प्रेषित की जाये।

(राम किशोर IV)
विशेष न्यायाधीश(एस0सी0/एस0टी0 अधिनियम)
जनपद, पीलीभीत।

Digitally signed by Ram Kishor
Date: 2026.06.19 16:52:28 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court